झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची

(Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi)

PROJECT RAIL

(REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING)

(GENERAL SCHOOL)

विषय – गणित **कक्षा-08**

समयावधि- 1 घंटा **पूर्णांक- 20**

सामान्य निर्देश -

1. *सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*
2. *इस प्रश्न-पत्र में कुल 10 प्रश्न है।*
3. *प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रश्न संख्या–1 से 5) के लिए 1 अंक, अति लघु उत्तरीय(प्रश्न संख्या-6 से 7) के लिए 2 अंक, लघु उत्तरीय(प्रश्न संख्या-8) के लिए 3 अंक तथा दीर्घ उत्तरीय (प्रश्न संख्या-9 से 10) के लिए 4 अंक निर्धारित है।*
4. *गलत उत्तर के लिए कोई ऋणात्मक अंक नहीं है।*
5. *परीक्षा की समाप्ति से पहले किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।*

खण्ड-'क'(वस्तुनिष्ठ प्रश्न) 5X1=5

1. यदि 5 कलम का मूल्य ₹30 हो तो 12 कलम का मूल्य ?

(A) ₹60 (B) ₹70 (C) ₹72 (D) ₹100

2. एक दर्जन केले का मूल्य ₹30 हो तो ₹360 में कितने केले मिलेंगे?

(A)12 दर्जन (B)10 दर्जन (C)15 दर्जन (D) 18 दर्जन

RAIL 03-11-2026

3. यदि 45 आदमी किसी कार्य को 49 दिन में समाप्त करते हैं तो 35 आदमी उसी कार्य को कितने दिनों में समाप्त करेंगे?

(A)70 दिन (B)63 दिन (C)80 दिन (D) 98 दिन

4. एक षट्भुज में कितनी भुजाएं होती है?

(A) 7 (B) 8 (C) 6 (D) 9

5. एक चतुर्भुज के चारो अन्तः कोणों का योग कितना होता है?

(A) 180 डिग्री (B)240 डिग्री (C) 300 डिग्री (D) 360 डिग्री

खण्ड-'ख'(अति लघुउत्तरीय प्रश्न) 2X2=4


6. एक कार की औसत चाल 40 कि० मी० प्रति घंटा है तो कार 1 घंटा 15 मिनट में कितनी दूरी तय करेगी?
7. यदि 14 मजदूर एक दिवार को 45 घंटा में बनाते हैं तो उसी दिवार को 35 घंटा में बनाने के लिए कितने मजदूर की आवश्यकता होगी?

खण्ड-'ग'(लघुउत्तरीय प्रश्न) 1X3=3

8. किसी पंचभुज के विकर्णों की संख्या ज्ञात करें।

खण्ड-'घ'(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) 2X4=8

9. $\angle x$ तथा $\angle z$ का मान ज्ञात करें।



अथवा

45 व्यक्ति किसी काम को 13 दिन में करते हैं। उसी कार्य को 39 व्यक्ति कितने दिन में समाप्त करेंगे?

10. निम्न सारणी में आदमी की संख्या x और कार्य दिवस की संख्या y में व्युत्क्रमानुपाती का सम्बन्ध है। रिक्त स्थानों को भरिए।

आदमी की संख्या (x)	40	20	x_1	10	x_2
कार्य दिवस की संख्या (y)	y_1	15	5	y_2	40

RAIL 03-1-2026